10 Ambikapur-pg 1-0_Layout 1 3/10/2025 9:22 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 11 मार्च 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के राज्य स्तरीय स्कोर कार्ड में अव्वल



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## खबर संक्षेप

### बस की टक्कर से गंभीर वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** सड़क पार कर रहे वृद्ध को विपरीत दिशा से आ रहे बस के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए वृद्ध की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम तुनगुरी निवासी मनराज आ. स्व. बुधराम गोड़ (73 वर्ष) 9 मार्च को ग्राम मुड़ेसा से कपिल रजवार, श्रीराम और दिनेश्वर के साथ अलग-अलग मोटरसायकल से वापस घर आने के लिए निकले थे। मेंड्राकला स्थित ढाबा में सभी चाय पीने के लिए रूके। इसी बीच मनराज बाथरूम करने के लिए सड़क पार करने लगा तभी बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए वृद्ध को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

रमज़ान मुबारक
दसवां रोज़ा
आज का इफ्तार - 6.08 बजे
कल की सेहरी - 4.45 बजे

### ननि के कर्मचारी मुख्य मार्गों में रात के समय लगा रहे झाड़ू

# तीन साल के बाद फिर से शुरू हुई शहर में नाइट स्वीपिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

तीन वर्षों के बाद शहर में एक बार फिर से रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का काम शुरू कर दिया गया है। हरिभूमि द्वारा खबर प्रकाशन के बाद नगर निगम प्रबंधन द्वारा नए सिरे से कर्मचारियों की व्यवस्था कर प्रमुख व्यावसायिक मार्गों पर नाइट स्वीपिंग का कार्य शुरू कराया गया है जिसके बाद शहर के लोगों को गंदगी और धूल से कुछ राहत मिल पाई है। हालांकि आने वाले समय में स्वच्छता सर्वेक्षण के कारण शहर में इस व्यवस्था को शुरू किया गया है।

**खास बात**

- सफाई अभियान से लोगों को मिल रही धूल से थोड़ी राहत

बता दें कि शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में पहचान दिलाने में डोर टू डोर कचरा प्रबंधन के साथ ही रात्रिकालीन सफाई अभियान का भी अहम योगदान है। प्रदेश में पहली बार नाइट स्वीपिंग की व्यवस्था नगर निगम अंबिकापुर में ही वर्ष 2016-17 में की गई थी। नाईट स्वीपिंग के तहत नगर निगम के प्लेसमेंट कर्मचारी रात 10 बजे से 2 बजे तक शहर के प्रमुख व्यावसायिक सड़कों पर झाड़ू लगाने का काम करते थे। रात के समय झाड़ू लगाने का काम शहर के अम्बेडकर चौक से शुरू होकर महामाया चौक तक, ब्रह्म रोड, सड़क रोड, स्कूल रोड, पुराना बस स्टैंड से अग्रसेन चौक, पैलेस रोड, चौपाटी समेत अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में ननि के सफाई कर्मी झाड़ू लगाते थे। रात के समय झाड़ू लगाने से एक फायदा यह था कि दिनभर चले व्यवसाय व वाहनों के आवागमन से जो भी कचरा सड़क पर जमा होता था नाइट स्वीपिंग के दौरान वह साफ हो जाता और सुबह सुबह साफ सुथरी सड़क मिलती थी। नाइट स्वीपिंग के कार्य ने नगर निगम को प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में एक अलग पहचान दिलाई लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि निगम के अधिकारी कर्मचारियों की लापरवाही से रात के समय व्यावसायिक सड़कों पर झाड़ू लगाने का काम लगभग तीन वर्षों से बंद पड़ा हुआ हुआ था। हरिभूमि द्वारा इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया जिसके बाद निगम आयुक्त की पहल पर फिर से शहर में नाईट स्वीपिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है।



रात में सड़कों की सफाई करते स्वच्छताकर्मी।

### मोहल्लों में भी नहीं लग रहा झाड़ू

लम्बे समय के बाद शहर में झाड़ू लगाने का काम शुरू तो कर दिया गया है लेकिन अभी भी गली मोहल्लों में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मुख्य व्यावसायिक मर्गों से लगे लगी हुई सड़कों, गली मोहल्लों की सड़कों पर झाड़ू लगाने का काम नहीं हो पा रहा है। ऐसे में इन सड़कों पर गन्दगी का आलम है। कुछ स्थानों पर लोगों द्वारा कचरा एकत्रित किया जा रहा है तो कुछ स्थानों पर सफाई कर ननि के सफाई कर्मी ही कचरा एकत्रित देते है। शहर की नालियां जाम पड़ी हुई है। ननि के पास ठेका के साथ ही अपने प्लेसमेंट के सफाईकर्मी मौजूद है लेकिन ननि के सफाईकर्मी झाड़ू लगाने के नाम पर खानापूर्ति कर रहे है। गलियों-मोहल्लों में 15 से 20 दिन बीत जाने के बाद भी झाड़ू नहीं लग रहा है। इसके साथ ही यदि किसी वार्ड में ननि के सफाईकर्मी झाड़ू लगाने जा भी रहे है तो वे खानापूर्ति करने के बाद कचरे को एकत्रित कर कचरा प्वाइंट पर छोड़कर आ जाते है।

### इन क्षेत्रों में हो रही सफाई

दिन के समय शहर की प्रमुख व्यावसयिक सड़क व्यस्त हो जाती है। सड़कों पर वाहनों का आवागमन जारी रहता है और कई बार तो सड़क पर चार पहिया वाहनों को खड़ी करने की जगह नहीं होती है। इसके विपरीत रात 10 बजे से व्यावसयिक मार्गों पर झाड़ू लगाने का काम करने के दौरान नगर निगम के प्लेसमेंट कर्मचारियों को एक फायदा यह होता था कि उन्हें सड़क पर कोई भीड़ नहीं मिलती। रात के समय रिफ्लेक्टिव जैकेट पहनकर व सड़कों पर बेरिकेट्स लगाकर ननि कर्मचारी आसानी से सफाई करते है। वर्तमान में एक बार फिर से शहर के सदर रोड, देवीगंज रोड, ब्रम्ह रोड, स्कूल रोड, बस स्टैंड रोड सहित अन्य स्थानों पर लगभग 20 से 25 कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन सफाई का कार्य किया जा रहा है और रात के समय ही एकत्रित किए गये कचरे को हटा लिया जाता है।

# कांग्रेस नेता व व्यवसायी द्वितेंद्र मिश्रा के संस्थानों पर आईटी का छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एक तरह प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर ईडी ने छापा मारा है तो वहीं दूसरी ओर सरगुजा में कांग्रेस नेता और प्रदेश महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा के संस्थान पर पर इनकम टैक्स में रेड की है। आईटी की टीम द्वारा सुबह सुबह कांग्रेस नेता के व्यापारिक प्रतिष्ठान सहित अन्य स्थानों पर दबिश दी है। इस कार्रवाई को इनकम टैक्स में गड़बड़ी से जोड़कर देखा जा रहा है।

- श्री कल्याण ट्रेडर्स सहित अन्य स्थानों पर दी गई दबिश

बताया जा रहा है कि सोमवार को शहर के गांधीनगर क्षेत्र में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रदेश महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा के व्यापारिक प्रतिष्ठान पर दबिश दी गई है। द्वितेंद्र मिश्रा की गांधीनगर में श्री कल्याण ट्रेडर्स के नाम से सीमेंट, छड की दुकान संचालित है। इसके साथ ही वे ठेकेदारी और शासकीय विभागों में सामान सप्लाई का काम भी करते है। यही वजह है कि इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने द्वितेंद्र मिश्रा के यहां दबिश दी है। टीम द्वारा द्वितेंद्र मिश्रा के तीन अलग अलग ठिकानों पर छापा मारा गया है जिसमें 20 से अधिक अधिकारी जांच कर रहे है। इस कार्रवाई के बाद नगर में हड़कंप मच गया है। विदित हो कि द्वितेंद्र मिश्रा पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के खेमे से आते है। समाचार लिखे जाने तक आईटी की कार्रवाई जारी थी और अब तक जांच में क्या मिला इसे लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आ पाई है।




# अब बिना चीरा लगाए ही होगा बच्चेदानी का ऑपरेशन

**अंबिकापुर।** राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में सोमवार को एनडीवीएच पद्धति से वेजाइनल हिस्टेरेक्टॉमी ऑपरेशन को लेकर कार्यशाला व परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पीजी, यूजी के छात्र छात्राओं के साथ ही गायनेकोलॉजिस्ट, निजी संस्थान के चिकित्सक शामिल हुए। इस कार्यशाला का उद्देश्य गर्भाशय के ऑपरेशन को मरीजों के लिए बेहतर बनाना था।

- मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दिया गया प्रशिक्षण

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में एनडीवीएच पद्धति से वेजाइनल हिस्टेरेक्टॉमी के प्रशिक्षण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में पूर्व अधिष्ठाता व आयुष विवि की वाइस चांसलर डॉ. आभा सिंह शामिल हुई। डॉ. आभा सिंह वर्तमान में एसओवीएसआई की प्रेसिडेंट है। मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. अविनाश मेश्राम और अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या के नेतृत्व में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अविनाशी कुजूर ने बताया कि पहले बच्चे दानी का ऑपरेशन दो तरीकों से होता आ रहा है जिसमें एक पद्धति पेट काटकर ओपरेशन की है जबकि दूसरी पद्धति लेप्रोस्कोपिक सर्जरी है लेकिन इस पद्धति में भी चीरा लगाना ही पड़ता है। अब इससे अलग इस पद्धति में वेजाइनल हिस्टेरेक्टॉमी के तहत बिना कोई चीरा लगाए ही ओपरेशन किया जाता है जिसमें बाहर से कोई टांके नहीं लगाने पड़ते और यदि इसमें लिगा श्योर का उपयोग किया जाए तो अंदर भी टांके नहीं लगाने पड़ते है। इस पद्धति से ऑपरेशन के बाद मरीज को ब्लीडिंग कम होती है और दर्द रहित इस ऑपरेशन के बाद मरीज को तीन दिनों के अंदर छुट्टी दे दी जाती है। यह पद्धति पुरानी पद्धतियों से सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इस पद्धति का उपयोग किया जा रहा है लेकिन अधिक से अधिक मरीजों को इस पद्धति से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मेडिकल कॉलेज के पीजी, यूजी छात्र छात्राओं के साथ ही स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ शामिल हुए। वहीं प्रशिक्षण में शहर के निजी अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ भी शामिल हुए। सभी को पुरानी पद्धतियों से हटकर अब नई पद्धति के तहत वेजाइनल हिस्टेरेक्टॉमी करने के लिए प्रोत्साहित किया गया ताकि मरीजों को कम तकलीफों का सामना करना पड़े। कार्यशाला के दौरान वेजाइनल हिस्टेरेक्टॉमी का सफल ऑपरेशन भी किया गया।

इस प्रशिक्षण के बाद अब एनडीवीएच पद्धति से बच्चेदानी के ऑपरेशन हेतु अब मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। मरीजों को संभाग में ही इस सुविधा का लाभ मिल पाएगा। इस दौरान उप अधीक्षक डॉ. बीआर सिंह, डॉ. अविनाशी कुजूर, डॉ. पार्थ सारथी, निजी अस्पताल से डॉ. लता गोयल, डॉ. स्नेहना सिन्हा सहित अन्य चिकित्सक मौजूद थे



# कुदरगढ़ धाम की सीढ़ी चढ़ने के दौरान महिला को आया हार्ट अटैक, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सूरजपुर

परिवार के सदस्यों के साथ कुदरगढ़ धाम स्थित माता बागेश्वरी के दर्शन करने पहुंची महिला की सुबह हृदयघात आने से मौत हो गई। पीएम उपरांत वरिष्ठ अधिकारियों की पहल पर प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई वाहन से परिजन के साथ मृतिका का शव उसके गृहग्राम बेतरिया भेजा गया।

- देवी का दर्शन करने वाले परिवार के साथ आई थी सिंगरौली से, शव को परिवार के साथ भेजा गया गृह ग्राम बेतरिया

सूरजपुर जिलान्तर्गत विकासखण्ड ओड़गी स्थित कुदरगढ़ धाम में माता बागेश्वरी देवी का दर्शन-पूजन करने हर रोज दूर-दूर के श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। सोमवार को सुबह सीमावर्ती सिंगरौली जिला अंतर्गत ग्राम बेतरिया, माड़ा निवासी रामकली साहू पति रामनाथ साहू (65वर्ष) देवी का दर्शन करने परिवार के सदस्यों के साथ कुदरगढ़ धाम पहुंची थी। पहाड़ी के नीचे स्नान करने के बाद महिला सहित परिवार के सभी सदस्य पहाड़ी पर स्थित मंदिर पहुंचने के लिए धाम की सीढ़ियां चढ़ रहे थे। रामकली बमुश्किल 15-20 सीढ़ी ही चढ़ पाई होगी कि अचानक गिरकर अचेत हो गई। उपस्थित लोगों की मदद से उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने मृतिका का पीएम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया। परिवार के सदस्यों के पास मृतिका का शव गृह ग्राम तक ले जाने की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण परिजन परेशान थे। परिजन ने चौकी प्रभारी श्री कुशवाहा को अपनी परेशानी बताई। चौकी प्रभारी ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया। पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने घटना की जानकारी कलेक्टर को दी तो उन्होंने तत्काल वाहन की व्यवस्था की तथा परिवार के सदस्यों के साथ मृतिका का शव उसके गृह ग्राम बेतरिया, माड़ा पहुंचाने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर पुलिस द्वारा परिवार के सदस्यों के साथ मृतिका का शव उसके गृहग्राम भेजा गया। पुलिस मर्ग कायम कर घटना की जांच में जुटी है।





खबर संक्षेप

### आजीविका उपसमिति का आवासीय प्रशिक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी.राहुल वेंकट के दिशा-निर्देश एवं जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में 70 ग्राम संगठन के आजीविका उप समिति का आवासीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमे कृषि/गैर कृषि/कृषि आधारित आजीविका के बारे में विस्तार से बताया गया। सदस्यों द्वारा इस प्रकार के आजीविका का चयन करने से ही, गरीबी के कुचक्र से बाहर निकल कर लखपति दीदी की श्रेणी में आ सकते हैं। साथ ही 8 मुख्य विभाग (मनरेगा/श्रम विभाग/ क्रेडा/ कृषि/ उद्यान/ मत्स्य/ पशुधन विकास/ उद्योग विभाग इत्यादि) के साथ अभिसरण के माध्यम से आजीविका को सुदृढ़ किया जाने की रणनीति तैयार करने पर चर्चा की गई। अलग-अलग ग्राम से आई हुई ग्राम संगठन की महिलाओं ने प्राप्त जानकारी को किस प्रकार वापस जा कर ग्राम संगठन में रोलआउट करेंगे उसकी रोल-प्ले भी किया। प्रशिक्षण को जिला कार्यक्रम प्रबंधक के द्वारा प्रदान की गया। इसी कड़ी में ग्राम संगठन के आए हुए पदाधिकारी सदस्यों को मनेन्द्रगढ़ की एक संकुल संगठन के कार्य प्रणाली का एक्सपोजर विजिट का अवसर मिला।

### पीएम इंटर्नशिप योजना के लिए आवेदन 12 तक

**बैकुण्ठपुर।** बेरोजगार युवाओं को कौशल विकास और रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना शुरू की है। इस योजना के तहत 10 वीं, 12 वीं, आईटीआई, डिप्लोमा और स्नातक उत्तीर्ण युवा आवेदन कर सकते हैं, बशर्ते वे किसी नियमित उच्च शिक्षा पाठ्यक्रम या नौकरी में न हों। सरकार द्वारा चयनित उम्मीदवारों को 5,000 प्रतिमाह स्टाइपेंड और 6,000 की एकमुश्त वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इंटर्नशिप केवल एक वर्ष के लिए होगी और यह कॉपोरेट मंत्रालय द्वारा चयनित कंपनियों में करनी होगी, जिनकी सूची पोर्टल पर उपलब्ध है। योजना में आवेदन करने के लिए आवेदक की आयु 21 से 24 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इंटर्नशिप में शामिल होने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 12 मार्च निर्धारित की गई है। पालीटेक्निक कॉलेज सलका के प्राचार्य व कनिष्ठ प्रशिक्षक कर्मशाला ने युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं।

### पीएम सम्मान निधि के लिए कराना होगा पंजीयन

**बैकुण्ठपुर।** जिले में किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त करने और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाने के उद्देश्य से एग्रीस्टैक परियोजना के तहत कृषक पंजीयन शुरू हो चुका है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार बैकुंठपुर, पटना, पोड़ी-बचरा और सोनहत तहसील के गांवों में शिविर आयोजित किए गए हैं। इन शिविरों में किसानों को विशिष्ट फार्मर आईडी प्रदान की जाएगी, जिससे वे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। कलेक्टर ने बताया कि पंजीयन निःशुल्क होगा और किसानों को आधार कार्ड व आधार से लिंक्ड मोबाइल नंबर शिविर स्थल पर प्रस्तुत करना होगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि फार्मर रजिस्ट्री कराए बिना पीएम किसान सम्मान निधि की अगली किश्त मिलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

## कोरिया में यातायात पुलिस ने बिना हेलमेट चलने पर की सख्त कार्रवाई

# तीन पुलिसकर्मी समेत 15 का कटा चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सड़क सुरक्षा नियमों को सख्ती से लागू करने के लिए कोरिया पुलिस ने बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशानुसार सोमवार को ओड़गी नाका तिराहा में यातायात पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया। इसमें 15 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर मोटरयान अधिनियम के तहत इन चालकों से 7500 रूपए समन शुल्क वसूला गया। खास बात यह रही कि इस कार्रवाई में तीन पुलिसकर्मी भी बिना हेलमेट वाहन चलाते पकड़े गए, जिन पर भी चालान काटा गया और 1500 रूपए का समन शुल्क वसूला गया। पुलिस ने बताया कि लगातार जागरूकता अभियानों और समझाइश के बावजूद वाहन चालक नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और हेलमेट की अनिवार्यता सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस अभियान में यातायात प्रभारी उप निरीक्षक बीरबल राजवाड़े, सहायक उप निरीक्षक धनंजय सिंह, आरक्षक राकेश मिश्रा, गुलशन महानंदिया और केशव सोनवानी सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।



बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों का कटा चालान।

### बाइक पर तीन सवारी नहीं बैठें

यातायात पुलिस ने आम जनता से अपील की कि हेलमेट पहनें और सुरक्षित रहें, दुपहिया वाहन में तीन सवारी न बैठें, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करें, तेज गति से वाहन न चलाएं, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं, नशे की हालत में वाहन न चलाएं, यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं से बचें।

### हेलमेट पहनने के फायदे

सिर और मस्तिष्क की गंभीर चोटों से बचाव, सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर में कमी, इलाज पर होने वाले वित्तीय नुकसान से बचाव, आत्मविश्वास और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता में वृद्धि, समाज में सड़क सुरक्षा को लेकर सकारात्मक संदेश का प्रसार।

# टॉस से जिला पंचायत अध्यक्ष का फैसला, यशवंती बनीं अध्यक्ष

**बैकुंठपुर/मनेन्द्रगढ़।** नवगठित जिले एमसीबी के जिला पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव में दिलचस्प मोड़ तब आया जब भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवारों को बराबर संख्या में वोट मिले।


यशवंती सिंह।


राजेश साहू

- उपाध्यक्ष पद पर राजेश ने दर्ज की जीत

भाजपा ने यशवंती सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया था, जबकि कांग्रेस के प्रत्याशी का भी मजबूत समर्थन था। मतदान के दौरान दोनों को समान रूप से पांच-पांच वोट मिले, जिससे चुनावी नतीजा अनिर्णायक हो गया। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने नियमानुसार टॉस के जरिए फैसला करने का निर्णय लिया। किस्मत ने भाजपा का साथ दिया और यशवंती सिंह ने टॉस जीतकर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। परिणाम घोषित होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। दूसरी ओर कांग्रेस समर्थकों में निराशा रही, लेकिन उन्होंने प्रशासनिक प्रक्रिया का सम्मान करते हुए परिणाम को स्वीकार किया। इस अप्रत्याशित घटनाक्रम ने स्थानीय राजनीति में एक नया अध्याय जोड़ दिया है, जहां टॉस ने तय किया कि अगले पांच वर्षों तक जिला पंचायत की कमान किसके हाथों में होगी। दूसरी ओर कांग्रेस ने उपाध्यक्ष पद पर राजेश साहू ने अपना कब्जा जमाया। इसे लेकर भाजपा ने जमकर कलेक्टर कार्यालय में हंगामा मचाया। समाचार लिखे जाने तक भाजपा का हो हल्ला जारी रहा।

# 133 लोगों को मिला सहायक उपकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में दिव्यांगजन एवं वृद्धजन के कल्याण के लिए जिला स्तरीय शिविर का आयोजन जिला प्रशासन के तत्वाधान में समाज कल्याण विभाग द्वारा किया गया।

यह दो दिवसीय शिविर 9 मार्च को बैकुंठपुर के जिला पंचायत ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ, जबकि 12 मार्च को सोनहत विकासखंड में आयोजित किया जाएगा। शिविर में 271 लोगों ने पंजीयन कराया, जिनमें से 133 लाभार्थियों को सहायक उपकरण वितरित किए गए, जिनमें 30 ट्राइसाइकिल, 20 व्हीलचेयर, 65 छड़ी, 8 बैसाखी, 9 श्रवण यंत्र और 1 मोटराइज्ड साइकल शामिल हैं, इसके अतिरिक्त 52 लोगों के यूडीआईडी कार्ड, 4 लोगों का श्रम पंजीयन, 2 लोगों का आधार कार्ड और 4 लोगों का रोजगार पंजीयन किया गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए 13 प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने दिव्यांगजनों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे किसी से कम नहीं हैं, बस उन्हें सहारे की जरूरत है। साथ ही उन्होंने सभी को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने और अपने बच्चों को शिक्षित कर अधिकारी बनाने को कहा। जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी जरूरतमंदों को उनकी आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को सहायता प्रदान करना न केवल इस शिविर का लक्ष्य है, बल्कि प्रशासन का कर्तव्य भी है। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े सहित अन्य अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।



# पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के राज्य स्तरीय स्कोर कार्ड में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में बच्चों को स्कूल की दहलीज तक लाने और उनकी उपस्थिति में बढ़ोतरी सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) योजना के तहत उन्हें गर्म, पौष्टिक एवं गुणवत्तायुक्त भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए 886 रसोइयों, सहायिकाओं को रोजगार दिया गया है और स्व-सहायता समूहों के माध्यम से विद्यालयों में गरम भोजन तैयार कर बच्चों को परोसा जा रहा है। बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों के सहयोग से न्योता भोजन का आयोजन किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा सके। इसी कड़ी में लोक शिक्षण संचालनालय, रायपुर द्वारा जारी प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना 2024-25 के राज्य स्तरीय स्कोर कार्ड में कोरिया जिले ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

कोरिया जिले की इस उपलब्धि के पीछे ये प्रमुख कारण संचालित शालाओं का अनुपात 99 प्रतिशत, लाभान्वित छात्रों का 75 प्रतिशत, 87 प्रतिशत रसोइयों की उपलब्धता, 92 प्रतिशत किचन एवं भंडारण सुविधा युक्त विद्यालय, 100 प्रतिशत एलपीजी गैस का उपयोग करने वाली शालाएं, 6 प्रतिशत न्योता भोजन का आयोजन, 98.44 प्रतिशत स्वास्थ्य परीक्षण, भारत सरकार को प्रतिदिन प्रेषित किए गए डेटा का अनुपात 97 प्रतिशत रहा। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कोरिया जिले द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के क्रियान्वयन में प्रथम स्थान प्राप्त करना हम सभी के लिए गर्व की बात है। यह सफलता शिक्षकों, रसोइयों, स्व-सहायता समूहों, प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना न केवल उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि उनकी स्कूल उपस्थिति और शिक्षा स्तर में भी सुधार लाता है। हम इस सफलता को बनाए रखने और योजना के प्रभाव को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



### कलेक्टर के निर्देश पर मिठाई दुकानों का सतत निरीक्षण

# होली पर दुकानों में मिलावटी मिठाइयों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

होली पर्व को ध्यान में रखते हुए नकली खोवा और गुणवत्ताहीन मिठाइयों की बिक्री पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

सीमावर्ती राज्यों से मिलावटी खाद्य सामग्री की आपूर्ति की आशंका को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर जिले में मिठाई दुकानों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी और उनकी टीम ने मेसर्स मां शारदा स्वीट्स, छिन्दडांड, बैकुंठपुर से चमचम मिठाई और मेसर्स महामाया स्वीट्स, कुमार चौक बैकुंठपुर से पेड़ा का विधिक नमूना जब्त किया। इन नमूनों को परीक्षण और विश्लेषण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी रायपुर भेजा गया है।



### नशा मुक्ति केन्द्र का महापौर ने किया निरीक्षण

**चिरमिरी।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशे से गंभीर रूप से प्रभावित व्यक्तियों की देखरेख के लिए नगर के गोदरीपारा में संचालित नशा मुक्ति केन्द्र की व्यवस्थाओं का जायजा नगर निगम के महापौर राम नरेश राय ने लिया।



### विश्व श्रवण दिवस पर जन-जागरूकता रैली

**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने जिला अस्पताल के द्वारा आयोजित श्रवण दिवस के उपलक्ष्य में जन-जागरूकता रैली में सम्मिलित हुए।

इसका थीम है मानसिकता में बदलाव-कान और श्रवण देखभाल को सभी के लिए एक वास्तविकता बनाने के लिए खुद को सशक्त बनाए एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा कान से संबंधित होने वाले बीमारियों के बारे में अवगत कराया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.प्रशांत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ.आयुष जायसवाल, महाविद्यालय के स्टाफ असिस्टेंट प्रोफेसर कौशिल्य कोर्च एवं ट्यूटर कोमल उपस्थित रहे।

### बचपन प्ले स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह

**मनेन्द्रगढ़।** शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय बचपन प्ले स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में वर्ष 2024-25 में आयोजित किए गए सभी प्रतियोगिताओं के प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया। वर्ष 2024-25 में कक्षा प्ले ग्रुप के लिए फैंसी ड्रेस मॉम एंड मी डांस कंपटीशन, कलरिंग कामपीटशन, स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनीष चौरसिया
MCH (NEURO SURGEON)
छ.ग. के सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक
डॉ. गौरी शंकर सिंह
MD, (Psychiatry) BHU MBBS (AFMC)
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र
1.5 Tesla MRI
All Diagnostic Facilites
16 मार्च 2025 माह के तीसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774-222555, 9425583780, 9826183780
8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

सरगुजा मार्केट

रायपुर के प्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ आपके शहर अंबिकापुर में
डॉ. विकास गोयल
MD Med, DM Haematology
हिमेटोलॉजी एंड ब्लड कैंसर क्लीनिक
खून की कमी, सफेद कोशिकाओं और प्लेटलेट्स की कमी
सिकल सेल एनीमिया, थैलीसीमिया, आदि विकार
सभी प्रकार के रक्त कैंसर (ल्यूकीमिया, लिम्फोमा, मायलोमा)
बगल, जांघों में अथवा गर्दन में गांठ
पेट में तिल्ली, लीवर में सूजन
एवं संबंधित अन्य रोग
दिनांक 23 मार्च 2025 दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 23 मार्च 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S., M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खाँसी, टी.बी, निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर इस्नोफिलिया, PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनांक –16 मार्च, 2025
दिन – रविवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
20 मार्च 2025 दिन गुरुवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy urosurgeon)
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना। • पेशाब बूंद- बूंद पर होना।
• पेशाब में जलन। • गुर्दे व पेशाब की नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना। • पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• पेशाब बार-बार होना। • पेशाब की धार न बनना, इत्यादि।
• किडनी, पेशाब थैली। • अण्डकोष प्रोस्टेट कैंसर
Dr FIRDOUSI HOSPITAL
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दूरबीन विधि LAPAROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
• गॉल ब्लैडर (पित की थैली)
• अपैण्डिक्स • हार्निया
• पेट में गठान • पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अंबिकापुर
मो.9713667433, 9617247433

TOP IN SURGUJA

श्वास, छाती एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
डॉ. कमल नारायण गुप्ता
MBBS (Pune), DTCD (Kolkata)
Chest Physician
GOLD MEDALIST
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
|9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
अपने फेफड़ों की जांच कराएं और आज ही अपने डॉक्टर की सलाह लें!
समस्त श्वास संबंधित रोगों का निदान जैसे -
• जटिल अस्थमा (दमा)
• टी.बी./क्षय रोग / MDR-TB
• गले व छाती में कफ संबंधित समस्या
• बैठे- बैठे चलने पर सांस फूलना
• छाती में भारीपन और सांस फूलना
• छाती में पानी भर जाना, हवा लीक होना
• छाती में गठान, फेफड़ों के कैंसर की समस्या
• खांसी, जुकाम एवं एलर्जी
• बच्चों में आने वाली बार-बार खांसी
• खांसी में खून आना

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. ए.एफ. दानिश
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
शनिवार, 22 मार्च 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
• सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
• पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
• झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
• Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
• जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
• लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
• Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 8 मार्च 2025 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
07774-221101, 9407910331, 9488142243
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैण्ड, गोरवपथ, अम्बिकापुर

10 Ambikapur-pg 3-0_Layout 1 3/10/2025 9:23 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### दुर्गा मंदिर सेवा समिति ने महिला जनप्रतिनिधियों को किया सम्मानित

**रामानुजनगर।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत द्वारिकापुर स्थित शतचंडी दुर्गा मंदिर, प्रांगण में महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिपं सदस्य सुश्री मोनिका सिंह का आयोजन समिति द्वारा पुष्प वर्षा एवं आरती उतारकर स्वागत किया गया। उनके स्वागत में शैला, सुगा, करमा दलों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। समिति के पदाधिकारियों ने जिपं सदस्य की आरती उतारी। दुर्गा मंदिर के संरक्षक एवं संचालक परमेश्वर यादव ने जिपं सदस्य सहित अन्य महिलाओं को साड़ी एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का क्षेत्रवासियों ने आनंद उठाया। कार्यक्रम में जिपं सदस्य सुश्री मोनिका सिंह एवं परमेश्वर यादव ने अपने विचार व्यक्त किया तथा मंदिर समिति द्वारा हर वर्ष महिला दिवस मनाने की घोषणा की। इस दौरान सरपंच रामातार सिंह, उप सरपंच श्रीमती अनिता यादव, श्रीमती देवी, इंदु राजवाड़े, पं.विनय दुबे, लालमुनी, बुधियारों, सुनकुंवर, सुनीता सिंह, गजेन्द्र राजवाड़े, योगेन्द्र सिंह, सुखसाय सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं महिलाएं उपस्थित थीं।

### नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष का मानीचौक पर आतिशी स्वागत



**मानीचौक।** जनपद अध्यक्ष बनने के बाद जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 22 में विजय रैली निकाली गई जिसमें समर्थकों ने मानीचौक में आतिशी स्वागत किया। नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सिंह जनपद अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम बार जनपद सदस्य क्षेत्र का भ्रमण कर सभी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान मानीचौक क्षेत्र में सभी समर्थकों ने विजय रैली के आगमन पर जमकर नारेबाजी करते हुए स्वाति संत सिंह का स्वागत किया। इस दौरान भाजपा नेता दरोगा सिंह, सुरेंद्र राजवाड़े, शैलेन्द्र सोनी, राहुल यादव, मोती सिंह, सुरेंद्र सिंह, अरुण दास, देवकुमार, पूर्व सरपंच श्रीमती सोनामनी, लक्ष्मण सिंह, सुबेलाल, रामलाल सिंह, श्रीनारायण केवट, चैन राजवाड़े, सरदार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अनिता, सपना को मिला महिला गौरव सम्मान

**अम्बिकापुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अनिता मंदिलवार सपना को अंतरराष्ट्रीय महिला गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओं, बालिका शिक्षा अभियान, शिक्षा, साहित्य के अंतर्गत शांति फाउंडेशन गोण्डा मिशन शक्ति द्वारा अनिता मंदिलवार सपना को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। अब तक उनके 950 साझा संग्रह और 11 एकल संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। साहित्यिक और सामाजिक योगदान के लिए उन्हे पूर्व में अनेक सम्मान मिल चुके हैं तथा लीडिंग लेडीज ऑफ मध्यप्रदेश एण्ड छत्तीसगढ़ में वे अपना स्थान दर्ज करा चुकी है। उनकी रचनाएं गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स, इंडिया बुक ऑफ रिकार्डस और ऑफिशियल वर्ल्ड रिकाड्र्स, गोल्डन एरा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल हुई हैं।

### केन्द्रीय विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम



**अम्बिकापुर।** केंद्रीय विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य राजेश प्रसाद द्वारा दीप प्रज्वलन और संबोधन से हुई। इसके बाद विद्यालय के शिक्षकों ने सामूहिक गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में महिलाओं की आत्मरक्षा पर एक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रशिक्षक हिमांशु कुमार दीक्षित ने सेल्फ-डिफेंस तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। महिला शिक्षिकाओं के लिए क्विज प्रतियोगिता हुई, जिसका संचालन पंकज कुमार तिवारी और श्रीमती अंजू बिश्नोई ने किया। प्रतियोगिता में नारी शक्ति समूह ने जीत हासिल की, जिसमें श्रीमती रत्ना श्रीवास्तव, मिस वैशाली, श्रीमती प्रतिमा सिंह और मिस हिमांशी तिवारी शामिल रहीं।

### ग्राम पंचायतों में मनाया गया किशोर स्वास्थ्य एवं कल्याण दिवस

**अम्बिकापुर।** ग्राम पंचायत बिरीमकेला, सरमना,गहिला, सिलमा में किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत किशोर स्वास्थ्य एवं कल्याण दिवस मनाया गया। जिसका विषय बाल विवाह रोकथाम और बालिका शिक्षा रखा गया था। कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य जांच, रंगोली प्रतियोगिता, भाषण, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही बाल विवाह रोकथाम एवं बालिका शिक्षा से संबंधित शपथ दिलाई गई। शाला त्यागी है उनको पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से स्कूल से जोड़ने पर भी चर्चा की गई। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय आए बच्चों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सुनिता,सुसंना, श्वेतलाना, अमरदीप, स्नेहलता, सरपंच, पंच, मितानिन सहित अन्य मौजूद रहे।

## वन व राजस्व भूमि का खनन कर बना रहे ईंट

# शासकीय भूमि पर धड़ल्ले से चल रहे अवैध ईंट भट्ठे, प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

इन दिनों प्रतापपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में गमला ईंट भट्टे का कारोबार जोरो पर हैं। कई ग्राम पंचायतों में गमला ईट भट्ठा संचालित है। हैरानी की बात यह है शिकायत के बावजूद आज तक प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं की जिससे ईट भट्ठा संचालकों के हौसले बुलंद हो गए है। चिमनी ईट भट्ठा की अपेक्षा गमला ईट की कीमत कम होने से मांग काफी होती है जिससे अब तक ग्रामीण क्षेत्र में 3 से चार लाख ईट का निर्माण किया जा चुका है वहीं ईट बनाने का कार्य जारी है।

**खास बात**
- ग्रामीणों में आक्रोश, कार्रवाई की मांग

गर्मी का मौसम करीब आते ही ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में गमला ईट भट्ठा का संचालन शुरू हो जाता है। प्रतापपुर क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों के गांव में नियम को ताक पर रखकर अवैध तरीके से वन भूमि के साथ राजस्व भूमि की खुदाई कर गमला ईट भट्ठा का धड़ल्ले से संचालित की जा रही है। इन क्षेत्र में ईट बनाने के लिए अवैध रूप से मिट्टी की खुदाई की जाती है जिससे राजस्व को अनावश्यक हानि होती है। हैरानी की बात यह है कि इन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में गमला ईट भट्ठा का संचालन कई वर्ष से की जा रही है परंतु जांच व कार्रवाई के नाम पर आज तक सिर्फ खानापूर्ति ही की गई है।



शासकीय भूमि पर संचालित अवैध ईंट भट्ठा।

**प्रशासन से की गई है शिकायत**

शासकीय भूमि पर अवैध रूप से ईंट निर्माण कर बिक्री करने की शिकायत सोनपुर निवासी अशोक जायसवाल एवं ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंप प्रशासन से की है। प्रतापपुर तहसीलदार के पास 16 दिसंबर 2024 को इस अवैध ईंट भट्टे कारोबार की शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसके बाद तहसीलदार ने 25 दिसंबर को हल्का पटवारी को जांच के लिए भेजा था। पटवारी की रिपोर्ट में साफ बताया गया कि संबंधित ग्राम में शासकीय भूमि पर अवैध ईंट निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके बावजूद प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

हालांकि कुछ लोग अपनी जरूरत व नए मकान निर्माण के लिए गमला ईट भट्ठा लगाते है। परंतु अधिकांश लोग ऐसे है जो इनके आढ़ में अवैध रूप से गमला ईट को व्यवसाय बना लिए है और औने पौने दाम में बिक्री करने में लगे हुए है। ऐसा नहीं है कि प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं है बावजूद इसके कार्रवाई नहीं करने से इनके हौसले बुलंद हो गए है। प्रशासन द्वारा किसी प्रकार कोई ठोस कार्रवाई नहीं करने से अब ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

**आंदोलन करने की चेतावनी**

ग्रामीणों का आरोप है कि शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर ईंट निर्माण और बिक्री का धंधा धड़ल्ले से जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि कार्रवाई को जानबूझकर टाला जा रहा है। क्षेत्र में धड़ल्ले से शासकीय भूमि पर ईट बनाने का अवैध कारोबार चल रहा है जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। वन भूमि राजस्व भूमि से अवैध रूप से मिट्टी का उत्खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो उग्र प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

**की जाएगी कार्रवाई**

क्षेत्र में अवैध ईट भट्ठा संचालित है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच उपरांत संचालकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-शालिग्राम गुप्ता
तहसीलदार

**तहसीलदार से चर्चा करती हूं**

जांच टीम गठित कर अवैध ईट भट्ठा की जांच कराई जाएगी। जांच उपरांत ईट बनाने वाले मालिकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में तहसीलदार से चर्चा करती हूं।

-ललिता भगत
एसडीएम प्रतापपुर



### कुंजनगर में सज्जाद खान, जयनगर की नईयर सुल्ताना उपसरपंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के बाद सुरजपुर ब्लाक अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में उपसरपंच पद हेतु निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

ग्राम पंचायत जयनगर में उपसरपंच पद हेतु नईयर सुल्ताना व संतरा देवी के मध्य चुनाव कराया गया, जिसमें नईयर सुल्ताना को 13 व संतरा देवी को 7 मत प्राप्त हुए, नईयर सुल्ताना 6 मतों के अंतर से उपसरपंच चुनी गईं। ग्राम पंचायत कुंजनगर में मो.सज्जाद खान व कुलदीप राजवाड़े के मध्य उपसरपंच पद की उम्मीदवारी की गई, जिसमें सज्जाद को 12 मत प्राप्त हुए जबकि निकटम प्रतिद्वंदी कुलदीप राजवाड़े को मात्र 7 मत ही प्राप्त हुए और दो मत अमान्य हो गए। ग्राम पंचायत हर्राटिकरा में संजय राजवाड़े व भगवंती के द्वारा दावेदारी की गई, जिसमें दोनों उम्मीदवारों को बराबर ही 8-8 मत प्राप्त हुए। जिसके बाद यहां पर लक्की ड्रा निकाला गया, इसमें संजय राजवाड़े ने उपसरपंच पद पर जीत दर्ज की। ग्राम पंचायत तेलईकछार में चार उम्मीदवार चंद्रगुप्त देवांगन, आशा गुप्ता, देवंती राजवाड़े व गिरधारी राजवाड़े द्वारा दावेदारी की गई। जिसमें चंद्रगुप्त देवांगन को 7, आशा गुप्ता को 6, देवंती राजवाड़े को 5 व गिरधारी राजवाड़े को 3 मत प्राप्त हुए, जिससे चंद्रगुप्त देवांगन ने जीत दर्ज कराई है। ग्राम पंचायत करवां में उपसरपंच पद हेतु श्रीमती प्रीति पिंटू जायसवाल निर्वाचित हुई हैं।

### रविंद्रनगर पंचायत के प्रकाश निर्विरोध उपसरपंच चुने गए

विकासखंड सूरजपुर ग्राम पंचायत रविंद्रनगर के उप सरपंच चुनाव में प्रकाश मंडल निर्विरोध उपसरपंच चुना गया। गौरतलब है कि सुरजपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत रविंद्रनगर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न होने उपरांत उपसरपंच पद हेतु पिछले दिनों चुनाव प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। जिसमें वार्ड नंबर के पांच के पंच प्रकाश मंडल को निर्विरोध उपसरपंच चुन लिया गया है। उपसरपंच निर्वाचन प्रक्रिया में पंचायत के सभी वार्ड पंच के अलावा सरपंच सरिता शंकर राय, सचिव आनबाई व अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे। नवनिर्वाचित उपसरपंच प्रकाश मंडल ने कहा कि गांव के युवा नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं, इसके लिए हम मिलजुलकर काम करने की कोशिश करेंगे।



# चरित्र सत्यापन हेतु सहायक प्राध्यापक ने छिपाए आपराधिक प्रकरण, सेवा समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासकीय कन्या महाविद्यालय में पदस्थ सहायक प्राध्यापक वाणिज्य हीरा धर यादव आ.दुबराज प्रसाद यादव द्वारा अनुप्रमाणन हेतु प्रस्तुत शपथ पत्र में पूर्व में हुई आपराधिक घटनाओं की जानकारी छिपाने के मामले में उच्च शिक्षा विभाग ने उनकी सेवाएं समाप्त कर दी है।

- शासकीय कन्या पीजी कॉलेज का मामला

शासकीय सेवा में चयन उपरांत नियोक्त विभाग पुलिस से अभ्यर्थी द्वारा अपने संबंध दी गई जानकारियों की जांच कराता है। सहायक प्राध्यापक पद पर चयन एवं शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पदास्थापना होने के उपरांत नियमानुसार उच्च शिक्षा विभाग ने उनसे पुलिस प्रमाणीकरण के लिए अनुप्रमाणन फार्म की जानकारियां एवं शपथ पत्र मांगा था। सहायक प्राध्यापक श्री यादव द्वारा प्रस्तुत जानकारी की जांच हेतु विभाग ने 21 नवम्बर 2021 को पुलिस मुख्यालय भेजा था। पुलिस मुख्यालय द्वारा 24 फरवरी 2022 को भेजी गई रिपोर्ट में हीरा प्रसाद यादव द्वारा धारा 324, 34, 147, 323 के तहत अपराध क्रमांक 443/94 एवं धारा 399, 402 के तहत अपराध क्रमांक 756/94 दर्ज होने एवं न्यायालय द्वारा उन्हें दोषमुक्त करने एवं अपराध की धारा नैतिक अद्योपतन श्रेणी का होने की जानकारी दी गई थी। सहायक प्राध्यापक द्वारा अपराधिक एवं न्यायालयीन प्रकरणों का उल्लेख न कर मामले को छिपाने को विभाग ने गंभीरता से लिया है तथा नैतिक अद्योपन की श्रेणी के अपराध को शासकीय सेवा में नियुक्ति के लिए अयोग्य माना है।

उच्च शिक्षा विभाग ने सहायक प्राध्यापक हीरा धर यादव की 5 अक्टूबर 2018 की नियुक्ति को तत्काल प्रभाव से 17 फरवरी 2025 को समाप्त कर दिया है।

### बृजनगर गांव की 11 वीं की छात्रा ने की खुदकुशी

**बिश्रामपुर।** लटोरी पुलिस चौकी के ग्राम बृजनगर निवासी विजय देवांगन की 17 वर्षीय पुत्री पूजा देवांगन ने बीती रात अज्ञात कारणों से खुदकुशी कर ली है। रिपोर्ट पर लटोरी पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम होने उपरांत मामले में मर्ग कायम किया है।बताया गया कि मृतिका पूजा ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा थी, रोजाना की तरह भोजन कर वह अपने कमरे में सोने चली गई।अगली सुबह उसका शव कमरे में पंखे से लटका हूआ देखा गया।परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू की है,छात्रा ने किन कारणों से खुदकुशी की इसकी स्पष्ट जानकारी अभी नहीं मिल सकी है।



### राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन के श्रवण जिलाध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन की सूरजपुर जिला शाखा का गठन गत दिनों वितरण उपसंभाग कार्यालय बिश्रामपुर प्रांगण में आयोजित सभा में संपन्न किया गया।

कार्यक्रम में विद्युत ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के 50 से अधिक तकनीकी एवं कार्यालय के कर्मचारी शामिल हुए। सभा में प्रांतीय महासचिव अजय बाबर की धर्मपत्नी अनिता बाबर के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए संगठन चुनाव में श्रवण साहू बिश्रामपुर को जिला शाखा सूरजपुर का अध्यक्ष चुना गया।साथ ही नंदलाल सिंह प्रतापपुर एवं संतोष सैनी रामानुजनगर उपाध्यक्ष, स्माइल लकड़ा सूरजपुर सचिव, कुबेर दुबे संगठन सचिव और विनीता सिंह सूरजपुर कोषाध्यक्ष चुने गए।इसी क्रम में संजय कुशवाहा और नेहा सिंह को सह सचिव, पृथ्वीरतन तिवारी को कार्यालय सचिव, कमलेश कुमार दहिया को प्रचार सचिव का दायित्व दिया गया है। संरक्षक भागवत त्रिपाठी एवं प्रदीप कुमार निषाद तथा संयोजक गोविंद नारायण तिवारी को नियुक्त किया गया है।कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कृतलाल साहू भटगांव, हेमसागर सूर्यकांत बिश्रामपुर, श्रीराम सिंह पावले प्रेमनगर, जगतपाल सिंह प्रतापपुर, जितेंद्र पैकरा भंडार संभाग, नवनीत सेन सूरजपुर, विजय एक्का बिश्रामपुर, रविकांत राजवाड़े ओड़गी, परमेंद्र कुमार भैयाथान, सीताराम लकड़ा रामानुजनगर, राजकुमार साहू बिश्रामपुर, केपी जोगी बिश्रामपुर और ज्योति तिर्की सूरजपुर को स्थान दिया गया है। जनता यूनियन की केंद्रीय शाखा रायपुर द्वारा सूरजपुर जिला शाखा गठन के लिए यतींद्र गुप्ता क्षेत्रीय अध्यक्ष को चुनाव पर्यवेक्षक तथा एचएल पटेल को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था। सभा के मुख्य अतिथि प्रांतीय उपाध्यक्ष जेपी पटेल, अध्यक्ष भागवत त्रिपाठी तथा विशिष्ट अतिथि प्रांतीय सदस्य मोहम्मद हनीफ थे।सभी पदाधिकरियों का चुनाव सर्वसम्मति से सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। जिसमें ट्रांसमिशन कम्पनी के एमआरटी संभाग, ईएचटी मेंटेनेंस, 220 केवी एवं 132 केवी उपकेंद्र, सूरजपुर जिले के ओ एंड एम संभाग, परियोजना संभाग, भंडार संभाग सहित रामानुजनगर, प्रतापपुर, भैयाथान, भटगांव, ओड़गी, प्रेमनगर, बिश्रामपुर, धरमपुर सहित अन्य उपसंभाग एवं वितरण केंद्र से कर्मचारी शामिल रहे।।कार्यक्रम में महिला कर्मचारी नेहा सिंह, विनीता सिंह, ज्योति तिर्की, पुष्पा सिंह एवं पिंकी कुमारी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभा में पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान खिलेश पैकरा, भैयाराम यादव, राजकुमार साहू, मोहन सिंह, भगत राम, गिरवर पटेल, नरेंद्र सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पृथ्वीरतन तिवारी ने किया।

### बाइक को कार ने मारी टक्कर, दो युवक गंभीर

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 130 पर कार व बाइक के बीच हुई भिंडत में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। कि रविवार की दोपहर लगभग सवा दो बजे एनएच 130 पर कुंवरपुर नहर मोड़ क समीप बाइक व कार के बीच भिडंत हो गई। इस घटना में कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया जबकि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना में बाइक सवार दरिमा पाकजाम निवासी 20 वर्षीय नर्सिंग व एक अन्य को गंभीर चोट आई है वहीं कार सवार बाल बाल बच गये। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा संजीवनी 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### सोशल मीडिया में स्टोरी पोस्ट कर युवक ने लगाई फांसी

**अंबिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम सखौली निवासी 22 वर्षीय युवक विद्यासागर विश्वकर्मा ने 10 मार्च की रात 2 बजे सोशल मीडिया अकाउंट फेसबुक पर एक स्टोरी पोस्ट की। इस स्टोरी में उसने लिया सभी कोई आ जाना पता करके माई लास्ट डे। फेसबुक पर स्टोरी लगाने के बाद युवक ने घर में ही फांसी लगा ली। सुबह जब युवक कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजन ने देखा कि उसका शव फांसी पर झूल रहा है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। इस घटना से परिजन में शोक का माहौल है। फिलहाल युवक के आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होने की बात कह रही है।

## कार्यालयों में ई ऑफिस का शुरू हो क्रियान्वयन : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर एस.जयवर्धन की अध्यक्षता में आज समय सीमा की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री पोर्टल से संबंधित लोक शिकायतों के संबंध में अद्यतन जानकारी प्राप्त की गई एवं आवेदनों के शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक में शासन के मंशानुरूप जिले में शीघ्र ई ऑफिस को मूर्त रूप देने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने अधिकारियों को बताया कि ई ऑफिस को लागू करने की मंशा सरकारी कार्यालयों में एक सरलीकृत, उत्तरदायी, प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी कार्यप्रणाली को प्राप्त करना है। ई-ऑफिस की गति और दक्षता न केवल विभागों को सूचित और त्वरित निर्णय लेने में सहायता करती है बल्कि उन्हें पेपरलेस भी बनाती है।उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यालयीन कामकाज में पारदर्शिता लाने और प्रशासन को सशक्त बनाने के लिए ई ऑफिस का पूर्ण क्रियान्वयन सफलतापूर्वक शीघ्र किया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, एसडीएम व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



## कॉरपोरेट जॉब छोड़ जनसेवा में उतरे नीलेश

**जनकपुर।** छग के जनकपुर नगर पंचायत के पहले युवा उपाध्यक्ष बने नीलेश मिश्रा ने अपने करियर में एक बड़ा बदलाव किया। उन्होंने 2020 में इंदौर की प्रतिष्ठित मल्टीनेशनल कंपनी की नौकरी छोड़कर राजनीति में प्रवेश किया। नीलेश के राजनीतिक सफर की प्रेरणा उनके चाचा दुर्गाशंकर मिश्रा हैं, जो भरतपुर जनपद के दो बार उपाध्यक्ष रह चुके हैं। जनकपुर में विकास की कमी को देखते हुए नीलेश ने जनसेवा का रास्ता चुना और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई। उनकी शैक्षणिक यात्रा बिलासपुर के सीएमडी कॉलेज से शुरू हुई, जहां उन्होंने 2005 में बीकॉम किया, इसके बाद दिल्ली में इंटरनेशनल स्कूल ऑफ लैंग्वेज से पढ़ाई की, फिर इंदौर लौटकर एमबीए की डिग्री हासिल की। कोयम्बटूर की टेक्समो इंडस्ट्रीज में लगभग 14 वर्ष तक मार्केटिंग क्षेत्र में काम किया। राजनीतिक क्षेत्र में उन्होंने भाजपा के टिकट पर वार्ड क्रमांक 13 से पार्षद का चुनाव जीता।

# लटोरी महाविद्यालय में विज्ञान, तकनीक एवं प्रबंधन विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

उमा विंध्यवासनी संस्कार महाविद्यालय लटोरी में भौतिक विभाग द्वारा गत दिनों संत गहिरा गुरु विवि अंतर्गत विज्ञान तकनीक एवं प्रबंधन विषय पर अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन हुआ। संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि संत गहिरा गुरु विवि के कुल सचिव डॉ. एसपी त्रिपाठी मुख्य अतिथि समेत डॉ. आशीष तिवारी प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय जरही के विशिष्ट आतिथ्य व डॉ. धीरज कुमार यादव विभाग अध्यक्ष फॉर्म फॉरेस्ट्री संत गहिरा गुरु विवि की अध्यक्षता व वक्ता डॉ. एस के श्रीवास्तव प्राचार्य शासकीय नवीन महाविद्यालय लखनपुर द्वारा की गई। संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राचार्य श्रीमती शिल्पी श्रीवास्तव, उमाशंकर यादव, कुमारी सन्नो कुशवाहा, चंद्रशेखर व जयंती कुमारी ने अतिथियों का स्वागत किया।

- कांफ्रेंस में 45 से अधिक शोध पत्र प्रदर्शित किये गये




अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का परिचय उमाशंकर यादव द्वारा किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एसपी त्रिपाठी ने कहा कि विज्ञान तकनीकी के सही प्रबंधन से ही भारत विकसित राष्ट्र की तरफ उन्मुख हो सकता है। भारत की आत्मा गांव में निवास करती है, इसलिए विज्ञान तकनीकी का सही उपयोग ग्रामीण जनजीवन शैली कृषि उत्पादकता एवं वन आधारित क्षेत्र का विकास तथा जनजातीय प्रवेश के विकास से भी भारत 2043 में विकसित भारत राष्ट्र बन सकता है। डॉ. धीरज कुमार यादव ने कहा कि भारत एक सनातन देश है, जहां पर जल जीवन एवं जंगल का विकास, सही तकनीक का उपयोग करके किया जाए तो भारत तेजी से विकास की ओर अग्रसर हो सकता है, इस दौरान उन्होंने औषधीय पौधों फॉरेस्ट्री से आधारित कृषि प्रणाली तथा दूर संवेदी तकनीक पर आधारित ग्रामीण परिकल्पना पर जोर दिया। डॉ. आशीष तिवारी ने रासायनिक पदार्थों के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि जहां आज विश्व में खाद्य प्रणाली रासायनिक पदार्थों के उपयोग से दूषित हो रहा है, वहीं जन के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाल रहा है, इसलिए नवीनतम तकनीकी का प्रयोग करके रासायनिक प्रभाव को कम किया जा सकता है। डॉ. एचडी महार ने कहा कि सनातन और प्राकृतिक एक दूसरे के पूरक हैं, एक दूसरे के बिना दोनों अधूरे हैं। अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में आनलाईन मोड से देश-विदेश के अलग-अलग जगह से शोधार्थी, शिक्षक, वैज्ञानिक और विज्ञान तथा शिक्षा जगत के प्रख्यात विद्वान जुड़े। जिसमें डॉ. एके त्रिपाठी द हन्निव यूनिवर्सिटी आफ जेरूसलम इजरायल, डॉ. शाहीन परवीन यूनिवर्सिटी आफ ढाका बांग्लादेश, डॉ.डीसी गुप्ता यूनिवर्सिटी ऑफ कनाडा और डॉ. धीरज सिंह चौहान किंग फाड यूनिवर्सिटी आफ पैट्रोलियम एंड मिनरल्स सऊदी अरब ने व्याख्यान दिया।

इस कांफ्रेंस में 100 से अधिक शोध पत्र प्राप्त हुए एवं 45 से अधिक शोध पत्र प्रदर्शित किये गये। संगोष्ठी के समापन समारोह में अतिथि डॉ. आरएन खरे, डॉ. रितेश वर्मा, डॉ. पीसी यादव, डॉ. एके तिवारी व अन्य मौजूद रहे।

### जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों ने संभाला कार्यभार

**सूरजपुर।** जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं समस्त सदस्य नवनिर्वाचित सदस्यों का जिला पंचायत में प्रथम सम्मेलन कार्यक्रम आयोजन किया गया। सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों का अपने कार्य के प्रति सत्य निष्ठा एवं पंचायत राज अधिनियम के विधि सम्मत कार्य किए जाने संबंधी शपथ ग्रहण कर कार्यभार संभाला। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि देवपाल सिंह पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा राजलाल राजवाड़े व नवनिर्वाचित सभी जिला पंचायत सदस्य, रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी, ठाकुर रजवाड़े, सत्यनारायण जायसवाल एवं अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों की उपस्तिथि थे।



## खबर संक्षेप

### शासकीय पॉलीटेक्निक में संभाग स्तरीय प्लेसमेंट कैम्प 12 को

**अम्बिकापुर।** शासकीय पॉलीटेक्निक में माँ कुदरगढ़ी एल्युमिना मिनरल्स एण्ड रिफ्रैक्टरीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 12 मार्च को आयोजित किया जाएगा। कैंप में इलेक्ट्रिकल और टेलीकम्युनिकेशन, मैकेनिकल और सिविल इंजीनियरिंग के डिप्लोमा पासआउट छात्र-छात्राएं हिस्सा ले सकते हैं। छात्रों को 10वीं, 12वीं, डिप्लोमा सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, रिज्युमें और पासपोर्ट साइज फोटो लेकर कैंप में पहुंचने के लिए कहा गया है। चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा और व्यक्तिगत साक्षात्कार होंगे। छात्रों की योग्यता और कौशल के आधार पर उन्हें पदों के लिए चुना जाएगा।

### एकल अभियान अंचल कार्यक्रम में आचार्यों को किया गया सम्मानित



**रामानुजनगर।** एकल अभियान अंचल का पांच दिवसीय आचार्य वर्ग प्रशिक्षण सरस्वती शिशु मंदिर में संपन्न हुआ। जिसमें रामानुजनगर, गणेशपुर, प्रेमनगर के सभी आचार्य उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के अंतिम दिन अंचल समिति द्वारा सबको अपने ग्रामों मे शिक्षा के साथ साथ ग्रामों मे मजबूत संगठन अपने विचार धारा से जोड़कर सत्संग संस्कार संस्कृति पर ध्यान केंद्रित कराते हुए प्रेरणादायी उद्बोधन दिया गया। साथ ही प्रेमनगर, गणेशपुर, रामानुजनगर के आचार्यों को तिलक चंदन लगाकर सम्मानित किया गया और उनके कार्यों को सराहना की। इस दौरान श्रीमती आरती कुशवाहा, ब्रिजेश राजवाड़े, राजेश कुमार साहू, प्रदीप झा, यादवेंद्र दुबे, अंजनी पाल, अमितेष दुबे, बसंत कोराम, नन्दु यादव, दिवाकर शुक्ला, विनय चौरसिया, चंद्रीका प्रसाद, तान सिंह सिरदार ,हरिहर प्रसाद, कृष्णा राम, मंगलदेव सहित अन्य मौजूद रहे।

### इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को उद्योग स्थापित करने किया गया जागरूक

**अम्बिकापुर।** विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज के नवीन सभाकक्ष में प्राचार्य डॉ आरएन खरे की अध्यक्षता एवं एसडीएम दीपेन्द्र यादव, उप संचालक ग्रामोद्योग विवेक गुप्ता एवं सीए संतोष सिंह के आतिथ्य में अतिथि उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, स्टार्टअप, स्टैंड अप योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं छ.ग. शासन औद्योगिक विकास नीति की जानकारी अधिकारियों द्वारा इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को प्रदान की गयी। शिविर में महाप्रबंधक उद्योग ने छात्र-छात्राओं को मूल्य संवर्धन एवं अधिक से अधिक स्वरोजगार उद्योग स्थापित करने प्रोत्साहित किया। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को स्टार्टअप योजना के बारे में विस्तार से बताया। प्राचार्य डॉ.खरे ने उपस्थित विद्यार्थियों शासन की योजनाओं का लाभ लेकर स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। सीए संतोष सिंह ने नवीन उद्यम के स्थापना हेतु प्रारंभिक कदम एवं बैंकों में संचालित विभिन्न ऋण के प्रकार के संबंध में विस्तार से बताया। उप संचालक विवेक गुप्ता ने उद्यमी के गुण एवं संचालित योजनाओं की जानकारी दी। सहायक प्रबंधक सूर्योदय कुमार साहू एवं देवेन्द्र कुमार गुप्ता ने विभाग की योजनाओं एवं प्रचलित औद्योगिक नीति के बारे में बताया। धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक महीधर दुबे ने किया।

### प्रवास पर पहुंचे रेलवे महाप्रबंधक को स्थिति से कराया अवगत

# रेल मार्ग सर्वेक्षण के नाम पर सर्वे कंपनियां कर रही खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल विस्तार पर फोकस करने की मांग

रेलवे द्वारा एक ही रेल लाइन का सर्वे अनेकों बार कराने एवं सर्वे एजेंसियों द्वारा सर्वे के नाम पर खानापूर्ति कर करोड़ों वसूलने पर सवाल उठना शुरू हो गए हैं। जेडआर यूसीसी सदस्य मुकेश तिवारी सरगुजा प्रवास पर पहुंचे रेल महाप्रबंधक तरूण प्रकाश से मिलकर उन्हें पूर्व के सर्वे रिपोर्ट की विसंगतियों से अवगत कराया। उन्होंने सरगुजा वासियों की आवश्यकता के अनुरूप रेल विस्तार की मांगों को पूरा करने के बजाय विभिन्न प्रकार के सर्वे के नाम पर लोगों को भ्रमित करने एवं सर्वे के नाम पर जनता की राशि का दुरूपयोग करने का आरोप लगाया है। उन्होंने सर्वे की खानापूर्ति के साक्ष्य प्रस्तुत किए है।

महाप्रबंधक ने मामले की जांच कराने एवं रेल विस्तार की मांग पर सकारात्मक पहल करने के आश्वासन दिए है। उन्होंने रेल महाप्रबंधक को अवगत कराया कि अम्बिकापुर-बरवाडीह रेल लाइन का अब तक छह बार सर्वे कराया जा चुका है एवं हर बार इसे अव्यवहारिक एवं अलाभकारी बताकर खारिज किया गया है। इस रेल लाइन का सर्वे 1935-36, 1960-61, 1971-72, 1978-79 एवं 2012 में कराने के बाद वर्ष 2022 में 45 करोड़ की लागत से फाइनल लोकेशन सर्वे कराया गया। हाल के डीपीआर, फाइनल लोकेशन सर्वे रिपोर्ट प्रोजेक्ट इवोल्यूशन कमेटी की रिपोर्ट एवं छत्तीसगढ़ रेल कार्पोरेशन लिमिटेड के परामर्शी ठेका रिपोर्ट में इसे अनुपयोगी बताया गया है इसके बावजूद रेलवे अम्बिकापुर-बरवाडीह रेलमार्ग के डबल लाइन सर्वे के उपरांत सिंगल लाइन सर्वे कराने के नाम पर समय एवं राशि बर्बाद कर रहा है। सरगुजा वासियों को अम्बिकापुर-कोरवा रेल लाइन सर्वे कराने की घोषणा के रूप में सपना दिखाया गया। वर्ष 2020-21 के सर्वे रिपोर्ट से स्पष्ट है कि सर्वे एजेंसी को इस क्षेत्र के भौगोलिक स्थिति की सामान्य जानकारी तक नहीं है। जमीनी सर्वे की बात तो दूर क्षेत्र के नक्शे को देखकर कागज पर सर्वे रिपोर्ट तैयार किया जाता तो इससे बेहतर होता। सर्वे रिपोर्ट में अम्बिकापुर से पश्चिम दिशा की ओर जाने के बाद फिर अम्बिकापुर से पूर्व दिशा में कालीपुर, बतौली की ओर फिर 41 किमी पीछे हर्राटिकरा तथा वहां से 7 किमी पीछे गणेशपुर में रेल लाइन बिछने का प्रस्ताव किया गया है जबकि जिला मुख्यालय से गणेशपुर की दूरी 15 किमी है जहां पहुंचने के लिए 60 किमी की दूरी बढ़ा दी गई है। सर्वे रिपोर्ट में एमसीबी जिले के खड़गवां तक लाइन विस्तार करने का प्रस्ताव कर खड़गवा को भैयाथान तहसील में बताया गया है। सर्वे कंपनी ने मौके पर पहुंचना तो दूर ठीक तरह से नक्शा देखने की भी जरूरत नहीं समझी। सर्वे के अनुसार अम्बिकापुर-कोरबा रेल लाइन का विस्तार होने पर दूरी 130 किमी होगी तथा रेल लाइन आबादी के बीच से गुजरेगी। इतनी गैरजिम्मेदार कंपनी को सर्वे अलॉट करने एवं करोड़ों रूपए की शासकीय राशि का व्यय कर मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता। ऐसा ही एक अन्य सर्वे रिपोर्ट भटगांव, प्रतापपुर, वाड्रफनगर, रेणुकूट रेलमार्ग का है। भटगांव से रेणुकूट की अधिकतम दूरी 100 किमी है लेकिन सर्वे एजेंसी ने इसकी दूरी 406.13 किमी बताया है। प्रस्तावित रेल लाइन के लिए स्वीकृत भटगांव सूरजपुर में स्थित है जबकि सर्वे रिपोर्ट में भटगांव को सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले का हिस्सा माना गया है। इस विसंगति का अर्थ है कि सर्वेकर्ता एजेंसी ने नक्शा एवं वर्तमान रेल लाइन देखने का कष्ट किए बिना ही काल्पनिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर जनता के करोड़ों रूपए को बर्बाद किया है। जनता की मांग के बगैर रेल लाइन का सर्वे करने के पीछे विभाग की नीयम ठोस काम कराने की नहीं बल्कि जनता को छलना है। अम्बिकापुर – गढ़वा रेल लाइन में सरनाडीह के बजाय विवादास्पद जाबर को जंक्शन बनाना इसकी पुष्टि करता है।

अब तक के अध्ययन में कम दूरी, कम खर्चीला एवं जनभावना के अनुसार अम्बिकापुर-रेणुकूट प्रस्तावित रेल मार्ग है। जिस पर फोकस होने से सार्थक परिणाम मिलने की उम्मीद है। कभी सिंगल लाइन, डबल लाइन तो कभी फाइनल लोकेशन एवं अन्य वैकल्पिक मार्गों का सर्वे करना स्पष्ट है कि विभाग के पास न तो कोई ठोस योजना व लक्ष्य है न ही अम्बिकापुर में रेल विस्तार की नीयत।



रेलवे महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपते क्षेत्रवासी।

**सर्वे राशि की हो वसूली**

श्री तिवारी ने रेलवे महाप्रबंधक से विसंगतिपूर्ण एवं तथ्यहीन सर्वे में संलिप्त एजेंसियों की जांच कराने एवं भुगतान की गई राशि की वसूली करने एवं सर्वे अलॉट करने वाले अधिकारियों से सर्वे एजेंसियों से मिलीभगत की जांच कराने, सर्वे की खानापूर्ति छोड़कर अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल लाइन पर फोकस कर प्रक्रिया में तीव्रता लाने, प्रस्तावित अम्बिकापुर-कोरबा रेल लाइन के सर्वे की विसंगतियों को दूर कर लखनपुर, उदयपुर, केदमा, मतरिंगा, सियांग, चिर्रा, बताती के रास्ते कोरबा तक संशोधित करने एवं सर्वे एजेंसी को सही सर्वे के लिए बाध्य करने की मांग की है। रेलवे महाप्रबंधक ने मामले की जांच कराने एवं प्रस्तावित अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल लाइन के लिए सकारात्मक पहल करने के आश्वासन दिए हैं।

# निर्धारित उत्पादन लक्ष्य से करीब तीन लाख टन पीछे चल रहा बिश्रामपुर क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- साढ़े तीन माह तक दो मुख्य खदानें के भीतर पानी जमा रह जाने को माना जा रहा मुख्य वजह

चालू वित्त वर्ष में अब तक बिश्रामपुर क्षेत्र ने 20 लाख 50 हजार टन कोयला उत्पादन कर गत वर्ष के उत्पादन आंकड़े को पार कर लिया है।गौरतलब है कि पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में बिश्रामपुर क्षेत्र 20 लाख 46 हजार टन का कोयला उत्पादन किया था जबकि इस वर्ष रविवार 9 मार्च तक क्षेत्र ने उत्पादन आंकड़े को पार कर अब वित्तीय वर्ष में प्राप्त उत्पादन लक्ष्य की ओर अग्रसर है।वर्ष 2024-25 में क्षेत्र को पुनः प्राप्त हुए उत्पादन टारगेट में 23 लाख पचास हजार टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त हो चूका है।ऐसे में अब वित्तीय वर्ष का समय पूर्ण होने में 21 दिनों का समय बच गया है।इन शेष बचे दिनों में अधिकतम कोयला उत्पादन कर लक्ष्य हासिल करने हेतु अधिकारी व कर्मचारी प्रयासरत हैं।

**खदानों के भीतर पानी भर जाने से क्षेत्र को पहुंचा नुकसान**

पिछले बारिश में बिश्रामपुर क्षेत्र की रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाली आमगांव और अमेरा दोनों खुली खदानों के भीतर बारिश के मौसम में पानी भर गया था, ऐसे में दोनों मुख्य खदान जलमग्न हो गई।बताया गया कि आमगांव खदान के भीतर हैवी मोटर लगाकर कई हजार गैलन पानी निकाला गया, इस दौरान करीब साढ़े तीन माह तक यहाँ पर कोयला उत्पादन बाधित रहा।आरोप है कि आमगांव प्रबंधन ने मानसून बचाव के उपाय और पर्याप्त तैयारी नहीं की, ठेकेदार को लाभ दिलाने की मंशा से लापरवाही बरती गई, परिणामस्वरूप खदान पहली बारिश में ही डूब गई।बताया जाता है कि यहां करीब 40 लाख रुपये से अधिक का मानसून प्रिपरेशन कार्य के लिए बिलासपुर मुख्यालय से स्वीकृति मिली थी।खदान डूबने की घटना के बाद खान प्रबंधन और सिविल विभाग ने चुप्पी साध ली।



## एनएसयूआई ने फूंका ईडी का पुतला

अंबिकापुर। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास में ईडी की कार्यवाही के विरोध में एनएसयूआई ने ईडी का पुतला फूंका। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष आशीष जायसवाल के नेतृत्व में युवाओं ने कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन से रैली निकाल घड़ी चौक पहुंचे जहां केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईडी के विरुद्ध जमकर नारेबाजी कर पुतला दहन किया। पुतला दहन को विफल करने घड़ी चौक पर बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी तैनात थे। छात्र नेताओं ने पुलिस वालों को चकमा देकर ईडी का पुतला फूंका। इस दौरान पूर्व पार्षद सतीश बारी, प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु जायसवाल, धीरज गुप्ता, अभिनव पाण्डेय, अतुल यादव, संजर नवाज, अंकित जायसवाल, नीतीश तिर्की, आयुष जायसवाल, आयुष पाण्डेय, यूनित सिंह, रंजन शर्मा, रोशन, अमित, ईश्वर प्रियांशु, आकाश, पप्पू, परवीन, चेतन गोलू, राहुल गुप्ता, सन्नी रजक, अंकित शरण सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नपं भटगांव के उपाध्यक्ष बने रामफल पैकरा

- उपाध्यक्ष के लिए भाजपा को 10 वही कांग्रेस को मिले 6 वोट

**भटगांव।** नगर पंचायत भटगांव में उपाध्यक्ष पद को लेकर भाजपा व कांग्रेस के मध्य मतदान पीठासीन अधिकारी के समक्ष कराया गया। निर्वाचन प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी एसडीएम सागर सिंह व सहायक निर्वाचन अधिकारी सीएमओ राजेश कुशवाहा के समक्ष भाजपा से उपाध्यक्ष के उम्मीदवार रामफल पैकरा व कांग्रेस की श्रीमती धनेश्वरी राजवाड़े ने नामांकन दाखिल किया।

उपाध्यक्ष के दोनों उम्मीदवारों के लिए बैलेट पेपर से मतदान कराया गया। मतदान होने के बाद निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतपत्रों की गिनती कराई गई जिसमें भाजपा उम्मीदवार रामफल पैकरा को 9 मत वही कांग्रेस की धनेश्वरी राजवाड़े को 6 मत मिले। नप नप अध्यक्ष का मत भाजपा के रामफल को मिलने से साथ भाजपा के खाते में कुल मत 10 हुए जहां भाजपा ने नप भटगांव में उपाध्यक्ष की जीत हासिल की।



**कौन बना बागी**

नगर पंचायत भटगांव के चुनाव में भाजपा के अध्यक्ष ने बहुमत से जीत हासिल की और 15 वार्ड पार्षदों में 8 बीजेपी और 3 कांग्रेस के पार्षद ने जीत हासिल किए। साथ ही 4 निर्दलीय पार्षद ने जीत हासिल की। ऐसे में उपाध्यक्ष के निर्वाचन से पहले बीजेपी निर्दलीय पार्षदों को विश्वास जीतने का दावा किया था। अध्यक्ष के मत को लेकर 13 मतों से जीत की उम्मीद थी लेकिन आज उपाध्यक्ष के निर्वाचन के दौरान 3 पार्षदों वाले कांग्रेस के उपाध्यक्ष उम्मीदवार को छह मत मिलने से बीजेपी के पार्षदों पर क्रॉस वोटिंग के आरोप लग रहे। क्रॉस वोटिंग में बागी कौन यह सवाल बना रहेगा

## हाई स्कूल विज्ञान परीक्षा में 312 रहे अनुपस्थित

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित की जाने वाली हाई स्कूल मुख्य परीक्षा 10 मार्च विज्ञान विषय की परीक्षा 75 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न हुई। शिक्षा सरगुजा संभाग अम्बिकापुर गठित उड़नदस्ता दल द्वारा संत मोर्ट फोर्ट शा उमावि बनेया एवं ढोढ़ागांव। कलेक्टर सरगुजा से गठित उड़नदस्ता दल द्वारा शा उमावि बालक नवानगर, कमलेश्वरपुर, नर्मदापुर, बा.दरिमा एवं दरिमा का निरीक्षण किया गया। केन्द्रों में परीक्षा शांतिपूर्वक संचालित हो रहा है। आज आयोजित परीक्षा में पंजीकृत दर्ज संख्या 9332 है जिसमें 9020 उपस्थित पाए गए एवं 312 अनुपस्थित रहे।

## वाहन की टक्कर से गंभीर वृद्धा की गई जान

**सोनगरा।** भोजन कर घर के सामने दुकान में सोने जा रही वृद्धा को विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुई वृद्धा की शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार सोनगरा सारसताल मार्ग निवासी विमला सोनी आ. स्व. राम नारायण सोनी (75 वर्ष) घर में भोजन करने के पश्चात सड़क के दूसरी ओर बने दुकान में सोने के लिए जा रही थी। जैसे ही वृद्धा सड़क पार करने लगी तभी विपरीत दिशा से आ रहे वाहन क्रमांक सीजी 15 सीएम 7649 का चालक बंशीपुर निवासी सोमार साय आ. देवसाय (22 वर्ष) लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन वृद्धा को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत नाजुक होने पर अंबिकापुर रेफर कर दिया। परिजन ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट परिजन ने थाने में दर्ज कराई।











